हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 26 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44 .6 डिग्री
न्यूनतम 33 .5 डिग्री

11 पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 627 वाहन चालकों पर कसा शिकंजा



12 जीएलएस कंपनी प्रबंधन ने बरती गई घोर लापरवाही मालिक व एचआर हेड सहित कई अफसर नामजद






## खबर संक्षेप

### हथियार मुहैरा कराने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने हथियार मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 25 मई को एक आरोपी को देशी कट्टे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि उसके हथियार जाटूवास निवासी सचिन ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी सचिन को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक फरार हो गया था। पुलिस ने गत 14 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के भिवाड़ी के फूलबाग निवासी गोविंद को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे ने कब्जे में ले लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले का आरोपी चढ़ा हत्थे

**कोसली।** पुलिस ने धोखाधड़ी के पुराने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने यूपी के शुतुरखाना तैलियागंज निवासी सुशांत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक काबू

**कुंड।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा नहीं होने के कारण पुलिस ने 19 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने महेंद्रगढ़ के वजीरपुर निवासी दलीप को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### देशी कट्टे के साथ धरा गया आरोपी

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को देशी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि किराए के मकान में रह रहा मूल रूप से यूपी के कारब निवासी नीरज हथियार रखता है। वह हथियार के साथ शहर में घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से देशी कट्टा बरामद हुआ। उसे गिरफ्तार करने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

*नेशनल हाइवे और एक्सप्रेस-वे पर स्टॉक की भारी कमी, वाहन चालकों को करना पड़ रहा भारी परेशानी का सामना*

# तेल कंपनियों की बिक्री पर नजर, उसी आधार पर पंपों को सप्लाई, संचालकों को करना पड़ रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पेट्रोल-डीजल से लेकर सीएनजी के दामों में बार-बार होने वाली वृद्धि के मद्देनजर स्टॉक की आशंका को देखते हुए तेल कंपनियां भी बिक्री का आकलन करने के बाद उसी आधार पर पेट्रोल पंप संचालकों को आपूर्ति कर रही हैं। नियमित से ज्यादा बिक्री होने की सूरत में पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म हो जाता है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक्सप्रेस-वे से लेकर नेशनल हाइवेज पर पेट्रोलियम पदार्थ नहीं मिलने के कारण वाहन चालकों को बीच रास्ते में ही तेल की सप्लाई आने का इंतजार करना पड़ता है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें बार-बार बढ़ रही हैं। जब भी इन पदार्थों की कीमतों में वृद्धि होती है, स्टॉक रखने वाले पंप संचालकों को इसका अच्छा फायदा मिलता है। हार्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद अन्य देशों की तरह भारत में भी पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की कीमतों में बार-बार वृद्धि हो रही है। ऐसे में कई पंप संचालकों की नजर स्टॉक करने पर रहती है, ताकि कम दाम में तेल खरीदने के बाद महंगा होते ही उसे बढ़े हुए दामों पर बेचकर मुनाफा कमाया जा सके। तेल का स्टॉक करने की सूरत में इसी कमी हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। कुछ पेट्रोल पंप संचालक अभी भी स्टॉक कर रहे हैं, ताकि दाम बढ़ते ही उन्हें नए रेट के हिसाब से पैसा मिल सके। ऐसे पंप संचालक ग्राहकों को स्टॉक खत्म होने की बात कहते हुए बैरंग लौटाने का प्रयास करते हैं। तेल कंपनियों ने भी ऐसे पंप संचालकों को उनकी पुरानी बिक्री के आधार पर ही तेल की आपूर्ति करना शुरू कर दिया है, जिससे अधिक खपत के समय तेल की कमी महसूस होने लगती है।



रेवाड़ी। शहर के पंप से पेट्रोल डलवाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### अचानक तेल खत्म होने पर परेशानी

वाहन चालकों के मुताबिक नेशनल हाइवे पर पेट्रोल पंपों की संख्या काफी अधिक होने के कारण डीजल खत्म होने पर जल्द दूसरे पंप से व्यवस्था हो जाती है, लेकिन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर तेल खत्म होना आफत बन जाता है। एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोल पंपों की संख्या सीमित है। इस सड़क मार्ग के आसपास दूर-दूर पेट्रोल पंप नहीं हैं। सर्विस व रेस्ट एरिया में ही पंप हैं। एक रेस्ट एरिया पर तेल नहीं मिलने के बाद दूसरे तक जाने में कई किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है।



### स्टॉक की आशंका से सप्लाई सीमित

*तेल कंपनियों ने पेट्रोल पंपों पर तेल के स्टॉक की आशंका से ही सप्लाई सीमित की हुई है। उन्हें पूर्व में होने वाली बिक्री के आकलन पर ही तेल की आपूर्ति की जा रही है, ताकि पंप संचालक स्टॉक नहीं कर सकें। विभाग की ओर से पेट्रोल पंपों की नियमित जांच भी की जा रही है। -भारत शर्मा, एएफएसओ।*

### पिछले रिकॉर्ड के आधार पर सप्लाई

तेल कंपनियों ने पेट्रोल पंप संचालकों की बीते दिनों की आपूर्ति का आकलन शुरू किया हुआ है। पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल की जितनी औसत बिक्री होती रही है, उतना ही तेल इन पंपों को कंपनियों की ओर से मुहैया कराया जा रहा है। अगर पेट्रोल पंप पर अचानक बिक्री बढ़ जाए, तो उसे अतिरिक्त आपूर्ति की संभावना नहीं होती। स्टॉक खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल का अभाव नजर आने लगता है, जिससे ग्राहकों को परेशानी उठानी पड़ती है।

### नेशनल हाइवे पर आपूर्ति प्रभावित

इस समय पेट्रोल व डीजल से लेकर सीएनजी तक की आपूर्ति सबसे अधिक नेशनल हाइवे व मुंबई एक्सप्रेस-वे के पेट्रोल पंपों पर देखने को मिल रही है। सबसे खराब हालात देश के सबसे महत्वपूर्ण एक्सप्रेस-वे पर बने हुए हैं, जिससे मुंबई से दिल्ली के बीच बड़ी संख्या में वाणिज्यिक वाहनों का आवागमन होता है। एक्सप्रेस-वे से गुजरने वाले वाहन चालकों ने बताया कि डीजल नहीं मिलने के कारण उन्हें सप्लाई आने तक घंटों वाहन खड़े रखने पड़ते हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा के बाद भी कोसली अस्पताल में नहीं पहुंचे विशेषज्ञ डॉक्टर



रेवाड़ी। सब डिविजन नागरिक अस्पताल कोसली। फोटो : हरिभूमि

- स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सूची में नियुक्ति के बाद तीन डाक्टरों ने कराया ट्रांसफर, दो ने नहीं किया ज्वाइन

*कोसली। कोसली के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से एक मई नियुक्त किए गए पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों में से एक भी डॉक्टर ने अब तक ज्वाइन नहीं किया है। 24 दिन पहले स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा के बाद जारी सूची से तीन डॉक्टरों ने अपना तबादला अन्य जिलों में करा लिया, वहीं दो डॉक्टरों ने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। सबसे अधिक परेशानी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के नहीं होने से हो रही है, जिसके चलते सीजेरियन डिलीवरी के केस रेवाड़ी रेफर किए जा रहे हैं। कोसली के सब डिविजनल अस्पताल को एक मई को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सूची में पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी, जिनमें डा. चरण सिंह बाल रोग विशेषज्ञ, डा. साक्षी शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डा. हिमाद्रि चंद्र एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, डा. दिनेश कुमार श्वास एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ तथा ओमबीर सिहमार हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ शामिल थे। एक माह के करीब बीत जाने के बाद भी किसी भी डॉक्टर ने अस्पताल में ज्वाइन नहीं किया है। इनमें से डा. हिमाद्रि चंद्र ने रोहतक, डा. चरण सिंह ने पलवल और डा. दिनेश कुमार टोहाना ने तबादला करा लिया। वहीं डा. साक्षी शर्मा और ओमबीर सिंहमार ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। डॉक्टरों की नियुक्ति से सीजेरियन डिलीवरी में राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन विशेषज्ञ के नहीं आने से समस्या जस की तस बनी हुई है। रेवाड़ी से सप्ताह में दो दिन आने वाले एनेस्थीसिया डॉक्टर कई बार समय पर नहीं पहुंचते, जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन के लिए रेवाड़ी रेफर करना पड़ रहा है। एसएमओ डा. बिक्रम ने बताया कि नई सूची में नियुक्त तीन डॉक्टरों ने अपनी बदली करा ली है, जबकि दो डॉक्टरों ने अब तक ज्वाइन नहीं किया है, जिसके लिए उच्च अधिकारियों अवगत करा दिया गया है।*

## जैन साध्वियों की हत्या से रोष, समाज ने पैदल मार्च निकाल कर सौंपा ज्ञापन



रेवाड़ी। जन साध्वियों की हत्या के विरोध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

मध्य प्रदेश के शहर रींवा में पैदल विहार कर रही जैन समाज की दो साध्वियों की कार चालक की ओर से टक्कर मारकर की गई हत्या के विरोध में सोमवार को जैन समाज के लोगों ने बावल रोड स्थित जैन भगवान आदिनाथ मंदिर से रोष मार्च निकाला और जिला सचिवालय पहुंच कर प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम डीआरओ प्रदीप देशवाल को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व जैन समाज के प्रधान महेन्द्र कुमार जैन व जैन मिलन के पदाधिकारियों ने किया। इस मौके पर जैन समाज के प्रधान ने कहा कि दिगम्बर जैन समाज की दो साध्वी आरिका श्रुतमति व उपशममति मध्य प्रदेश के शहर रींवा में पैदल विहार करते हुए सड़क के किनारे चल रही थी। इसी दौरान चालक राशिद अहमद अली कार को तेज गति से चलाते हुए आया और पीछे दोनों को टक्कर मार कर कुचल दिया, जिससे उनका निधन हो गया।

### जैन साधुओं के प्रति सोची समझी साजिश थी

उन्होंने कहा कि यह जैन साधुओं के प्रति सोची समझी साजिश थी। मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि चालक ने कार सड़क से उतारकर दोनों साध्वी की हत्या की है। इसे जघन्य हत्याकांड को लेकर पूरे देश के जैन समाज में आक्रोश है। उन्होंप सरकार से ऐसे विकृत मानसिकता वाले चालक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि समाज के जैन साधु संतों को विहार करते समय सुरक्षा प्रदान की जाए। इस मौके पर अजय जैन, राजेन्द्र जैन, अरुण जैन, राजीव जैन, तरुण जैन, दिनेश जैन लोहिया, मुकेश जैन सर्राफ, नितिन जैन, प्रदीप जैन, प्रत्येश जैन, महिला जैन मिलन त्रिशला की प्रधान अल्का जैन, नीलू जैन, शारदा जैन, अंजलि, नेहा जैन, रूपम, गोपाली, आशा जैन व अनिता जैन सहित जैन समाज के अनेक पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बैक करते समय ट्रक के नीचे आया सेल्समैन, कुचलने से दर्दनाक मौत



रेवाड़ी। पेट्रोल पंप पर खड़ा हादसे को अंजाम देने वाला ट्रक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल



मृतक रूपलाल

- केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी
- शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर बावल के पास रविवार की रात डीजल डालते समय पेट्रोल पंप के सेल्समैन की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी। मूल रूप से पश्चिमी बंगाल के आलमपुर का रहने वाला 22 वर्षीय रूपलाल पेट्रोल पंप पर सेल्समैन था। रात को वह एक ट्रक में डीजल डाल रहा था। वह ट्रक के पीछे खड़ा हुआ था। इसी दौरान चालक ने ट्रक को बैक कर दिया। रूपलाल ट्रक की टक्कर लगने के बाद नीचे गिर गया। चालक ट्रक को बैक करता रहा, जिस कारण टायर रूपलाल के ऊपर चढ़ गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पेट्रोल पंप के दूसरे कर्मचारियों ने उसे निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

*गत वर्ष नौतपा के साथ शुरू हो गई थी बारिश, इस बार पहले ही दिन से गर्मी का भारी प्रकोप*

# प्रचंड गर्मी में घरों से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

सोमवार से नौतपा शुरू होने के साथ ही गर्मी प्रचंड रूप में आ गई है। लू के थपेड़ों ने लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल बना दिया है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव भारी गर्मी से राहत नहीं दे रहा है। तेज गति से चलने वाली गर्म हवाओं ने लोगों के सिर पर हीट स्ट्रोक का खतरा मंडरा रहा है। बीते साल नौतपा शुरू होते ही अच्छी बारिश ने मौसम ठंडा बना दिया था। इस बार नौतपा के मध्य बारिश की संभावना जताई जा रही है। नौतपा शुरू होते ही रविवार की रात सीजन की सबसे गर्म रात साबित हुई। नौतपा के 9 दिनों में गर्मी अपने पीक पर होती है। ऐसा माना जाता है कि नौतपा में जितनी ज्यादा गर्मी पड़ती है, मानसून में उतनी ही ज्यादा बारिश होती है। गत दो वर्ष से नौतपा के दिनों में अच्छी बारिश होने से आशानुरूप गर्मी नहीं पड़ी थी। पिछले साल 25 मई के दिन नौतपा शुरू होते ही 30 एमएम से अधिक बारिश हुई थी, जिसके बाद तापमान में काफी गिरावट आ गई थी। नौतपा के दिनों में तीन बार अच्छी बारिश हुई थी। सोमवार को नौतपा शुरू होने के साथ ही गर्मी के तेवर तल्ख हो गए। अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान पहली बार 8.5 डिग्री सेल्सियस की बड़ी वृद्धि के साथ 33.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात भर गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। दिन का तापमान सामान्य रहने के बावजूद भारी गर्मी का प्रकोप लोगों के लिए आफत साबित हो रहा है। हवा में नमी का स्तर 20 प्रतिशत से कम बना हुआ है, जबकि 22 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चल रही हैं। शाम के समय आसमान में आंशिक बादल छाने से मौसम में बदलाव की संभावना बन गई।

### नौतपा के मध्य तक बारिश से राहत के आसार



रेवाड़ी। सोमवार को भीषण गर्मी में लू के थपेड़ों से बचाव करते जाते युवक।


### अभी ओवरलोडिंग की समस्या नहीं

बीते सप्ताह दो दिन तक बिजली की खपत बढ़ी रही, जिससे सिस्टम पर लोड बढ़ गया था। फिलहाल लोड सामान्य बना हुआ है। ओवरलोडिंग की कोई समस्या नहीं है। बिजली आपूर्ति सामान्य चल रही है। अगर तापमान बढ़ता है, तो परेशानी आ सकती है। -संजय यादव, एक्सईएन, एचवीपीएन।

## आईटीआई में तंबाकू का सेवन न करने के लिए किया जागरूक



रेवाड़ी। तंबाकू दिवस 31 मई के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे साप्ताहिक प्रोग्राम के तहत सोमवार को गांव सहारनवास औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर काउंसलर कुमारी संदीपा अरोड़ा ने विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले नुकसान व बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है। इसके सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं और अपने परिवारजनों सहित अन्य लोगों को भी तंबाकू का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों को तंबाकू का जीवन में कभी भी सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर सहयोगी पूनम यादव, संगीता, मीनाक्षी, पृथ्वीराज व विनीत सहित संस्थान के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद थे।



विशेषः अंतरराष्ट्रीय अभिभावक दिवस, 1 जून

# अपने बच्चों के प्रति माता-पिता का निस्वार्थ-अनमोल प्रेम

माता-पिता अपने बच्चों की खुशी और सफलता के लिए अपनी सारी इच्छाएं त्याग देते हैं। बच्चों की खुशी में ही उन्हें खुशी मिलती है। उनका यह निस्वार्थ प्रेम बहुत अनमोल होता है। इसे अभिभावक दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मानते हैं।



कवर स्टोरी
डॉ. ऋतु सारस्वत, समाजशास्त्री

रात के करीब ग्यारह बजे हैं। घर के लगभग सभी सदस्य सो चुके हैं, सिवाय दो लोगों के। मां टेंथ में पढ़ने वाली बेटी की यूनिफॉर्म प्रेस कर रही थी, लेकिन उसका ध्यान बार-बार दरवाजे की ओर चला जा रहा था। भीतर ही भीतर उसका मन भी घबरा रहा था, क्योंकि बेटा, जो इस वर्ष ही कॉलेज पहुंचा है, अभी तक घर नहीं लौटा है। ड्राइंगरूम में बैठे पिता शायद चौथी बार मुख्य दरवाजे तक जाकर लौटे हैं। रात बढ़ती जा रही है। फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। वह कभी घड़ी देखते, कभी मोबाइल स्क्रीन और फिर चुपचाप दरवाजे की ओर नजर उठा देते।

## बच्चों को अपनी जिम्मेदारी का बोध नहीं



यह दृश्य किसी एक घर का नहीं है। यह उन असंख्य भारतीय परिवारों का परिचित दृश्य है, जहां माता-पिता की रातें बच्चों की चिंता में ही बीतती हैं। लेकिन बच्चों की दुनिया में इन बातों का अर्थ अकसर बिल्कुल अलग होता है। उनके लिए रात तक जागकर उनका प्रोजेक्ट तैयार करना, यूनिफॉर्म प्रेस करना या सुबह जल्दी उठकर पसंद का टिफिन बनाना, घर की सामान्य दिनचर्या का हिस्सा है। कहीं-न-कहीं उन्हें यह सब अपना अधिकार या उससे भी अधिक, माता-पिता की जिम्मेदारी लगता है। लेकिन ठीक इसके विपरीत उन्हें किसी भी तरह की रोक-टोक, पूछताछ या अनुशासन सहज स्वीकार नहीं होता। वे कितनी देर में घर लौटेंगे, किस दोस्त के पास जा रहे हैं, इतनी देर तक फोन पर क्यों बात कर रहे हैं या पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे जैसे सवाल उन्हें अनावश्यक हस्तक्षेप और बंदिश जैसा लगने लगता है। बच्चे यह तो चाहते हैं कि उनकी हर जरूरत बिना कहे पूरी हो जाए, लेकिन उनसे समय, अनुशासन या जवाबदेही की अपेक्षा की जाए तो उन्हें दिक्कत लगने लगती है। शायद यही कारण है कि हर पीढ़ी अपने माता-पिता के प्रेम को सबसे पहले सुविधा की तरह देखती है, त्याग की तरह नहीं। क्योंकि जो चीज हमें हर दिन बिना मांगे मिलती रहती है, उसका मूल्य अकसर बहुत देर से समझ में आता है।

## सबसे पहले छूटती है माता-पिता की नींद

सभी स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह मानते हैं, एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए प्रतिदिन सात से आठ घंटे की नींद आवश्यक है। लेकिन माता-पिता बनने के बाद शायद यह सिद्धांत सबसे पहले टूटता है। बच्चे छोटे होते हैं तो मां उनकी हल्की-सी करवट से भी जाग जाती है। बच्चे बड़े हो जाते हैं तो चिंता का स्वरूप बदल जाता है, लेकिन चिंता समाप्त नहीं होती। तब माता-पिता की नींद कभी उनके एग्जाम की चिंता में टूटती है, कभी देर रात तक घर न लौटने की बेचैनी में और कभी उनके भविष्य को लेकर उठते अनगिनत सवालों में। शायद इस संसार में माता-पिता और संतान का रिश्ता ही एक ऐसा अनूठा रिश्ता है, जहां स्वयं की कोई अलग खुशी नहीं रह जाती। बच्चा मुस्कुराता है तो माता-पिता मुस्कुराते हैं, बच्चा परेशान होता है तो भीतर ही भीतर वे भी परेशान हो उठते हैं। बच्चे की छोटी-सी उपलब्धि उन्हें गर्व से भर देती है और उसका छोटा-सा तनाव भी उनकी रातों की नींद छीन लेता है।

## माता-पिता छोड़ देते हैं अपनी इच्छाएं

'मैं आज जो कुछ भी हूं, अपने माता-पिता की वजह से हूं। मेरी मां सुबह बहुत जल्दी उठ जाती थीं, क्योंकि मुझे प्रैक्टिस के लिए जाना होता था। वह मेरे लिए खाना बनाती थीं। वह मुश्किल से केवल तीन घंटे सोती थीं। मेरे पिता ने मेरे लिए अपना काम छोड़ दिया। हमारा घर बहुत मुश्किल से चलता था, लेकिन मेरे पिता हमेशा कहते थे, 'तू लगा रह।' आज जो भी परिणाम दिखाई दे रहा है, जो भी सफलता मुझे मिली है, वह मेरे माता-पिता की वजह से है।' ये शब्द हैं उस वैभव सूर्यवंशी के, जिसने बेहद कम उम्र में क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम दर्ज करा लिया। लेकिन किसी भी सफल बच्चे की कहानी केवल उसकी प्रतिभा की कहानी नहीं होती। उसके पीछे अकसर माता-पिता के अनगिनत त्याग छिपे होते हैं। जब लोग किसी बच्चे की सफलता पर तालियां बजाते हैं, तब बहुत कम लोग उन रातों के बारे में सोचते हैं, जब माता-पिता अपनी इच्छाओं, अपने आराम और कई बार अपने पूरे जीवन की दिशा तक बदल देते हैं ताकि बच्चे का सपना अधूरा न रह जाए। माता-पिता बनने के बाद धीरे-धीरे उनकी अपनी जरूरतें पीछे छूटने लगती हैं। खुद के अच्छे कपड़े, खुद की इच्छाएं, खुद का आराम सब कुछ बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों और खुशियों के आगे गौण हो जाता है। बच्चों की हर छोटी इच्छा उन्हें याद रहती है, लेकिन अपनी अनेक इच्छाएं वे चुपचाप टालते रहते हैं। शायद यही कारण है कि बच्चों की छोटी-सी मुस्कुराहट भी उन्हें अपनी बड़ी-से-बड़ी खुशी से अधिक महत्त्वपूर्ण लगने लगती है।



## सबसे निःस्वार्थ होता है माता-पिता का प्रेम

माता-पिता बनने के बाद व्यक्ति का जीवन केवल व्यस्त नहीं होता, वह पूरी तरह बदलने लगता है। धीरे-धीरे उनका समय केवल उनका नहीं रह जाता। उनकी योजनाएं, उनकी छुट्टियां, उनका खाली समय सब कुछ बच्चों की जरूरतों और समय के अनुसार ढलने लगता है। वे दोस्तों के साथ बनी योजनाएं रद्द कर देते हैं, क्योंकि बच्चे की परीक्षा है। वे अपनी पसंद की फिल्म छोड़ देते हैं, क्योंकि बच्चे को कहीं और जाना है। धीरे-धीरे उनका पूरा जीवन इस तरह बदल जाता है कि बच्चों को कमी कम-से-कम महसूस हो। और शायद यही कारण है कि बहुत से बच्चों को वर्षों बाद समझ में आता है कि उनका सहज और सुरक्षित बचपन, वास्तव में माता-पिता के अनगिनत मौन त्याग पर खड़ा था। माता-पिता का प्रेम संसार का सबसे निःस्वार्थ प्रेम माना जाता है। उसमें त्याग दिखाई कम देता है, लेकिन छिपा बहुत कुछ होता है अधूरी नींद, टली हुई इच्छाएं, लगातार चलती चिंताएं और फिर भी चेहरे पर वही सामान्य मुस्कान।

# छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ाहट-मानसिक थकान
# कहीं आपको डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम तो नहीं

दिन भर में हमें छोटे-छोटे बहुत से डिसीजन लेने होते हैं, कुछ लोग इस तरह के डिसीजन लेने में एक थकान महसूस करते हैं, उन्हें चिड़चिड़ाहट होती है। इसे मेडिकल टर्म में डिसीजन फटीग कहते हैं। इसके क्या लक्षण होते हैं, इससे कैसे बचा जाए, जानिए।

मेंटल हेल्थ
विधि



आज की बिजी लाइफस्टाइल में हम सभी को अपने करियर, घर-परिवार से जुड़ी अनेक बातों के बारे में दिन भर में अनेक डिसीजन लेने पड़ते हैं, जैसे-कब क्या पहनना है, कहां जाना है, कैसे जाना है, किसके साथ मीटिंग है, किस काम को पहले करना है, किसको बाद में, लंच में क्या खाना? इन ढेर सारे छोटे-छोटे डिसीजन लेने के कारण दिमाग काफी ज्यादा थक जाता है, मानसिक ऊर्जा खत्म सी हो जाती है। इसके बाद एक छोटा-सा फैसला लेना भी पहाड़ जैसा लगने लगता है। परिणाम स्वरूप व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है, अपने डिसीजन टालने लगता है या जल्दबाजी में गलत फैसले ले लेता है। इसी मानसिक थकान को मेडिकल की भाषा में डिसीजन फटीग कहा जाता है। यह कोई बड़ी मानसिक बीमारी नहीं है, बल्कि इस समस्या में व्यक्ति रोजमर्रा के नॉर्मल डिसीजन लेने में काफी मुश्किल महसूस करता है। सरल शब्दों में कहें तो डिसीजन फटीग का सीधा मतलब है, फैसले लेने की वजह से होने वाली मानसिक थकान।

**डिसीजन फटीग के लक्षणः** डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम होने पर व्यक्ति में निम्नलिखित लक्षण देखे जा सकते हैं, जिन पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।



- दिन भर में लगातार फैसले लेने के बाद दिमाग में भारीपन या थकान महसूस होती है। इस स्थिति में व्यक्ति को सोचने में ज्यादा समय लगता है, उसके लिए नॉर्मल काम करने में भी मुश्किल होती है।
- कोई भी निर्णय लेने में ज्यादा वक्त लगता है।
- रोजमर्रा के किसी भी तरह के सामान्य काम करने में भी कठिनाई होने लगती है।
- जब फैसला लेने की ताकत कम हो जाती है तो व्यक्ति फैसले टालने लगता है, जिसके कारण हर काम को वह बाद में देखेंगे, अभी मन नहीं कर रहा जैसे बहाने करके टालने लगता है।
- दिमाग में स्ट्रेस होने के कारण कई बार जल्दबाजी में फैसले लेते हैं, जैसे डाइट पर होते हुए भी जंक फूड खाना, बिना सोचे-समझे शॉपिंग करना या किसी काम के लिए हां या न करना।
- किसी भी तरह के फैसले लेते समय खुद का बचाव करना या पीछे हटना।
- अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा दूसरों पर डाल देना।
- काबिल होते हुए भी हर समय खुद पर कम विश्वास करना, अपने फैसलों पर शक होना, खुद को दोष देना या हर फैसले के बाद सही डिसीजन लिया या नहीं, इस बारे में सोचना भी डिसीजन फटीग का संकेत हो सकता है।
- डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम के कारण व्यक्ति को सिर में दर्द, फोकस करने में मुश्किल होना, नींद में कमी और रोजमर्रा के कामकाज में समस्या होने जैसे कई तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं।

**डिसीजन फटीग से बचने के उपायः** फिजिशियन **डॉ. सतीश विरमानी** के अनुसार, डिसीजन फटीग से बचने के लिए आप इन बातों का ध्यान रखें-

- सुबह के समय दिमाग फ्रेश होता है, दिमागी ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है, इसलिए जरूरी फैसले सुबह ही लेने की कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों (जैसे कपड़े या खाना) में ज्यादा ऑप्शंस न रखें। ऑप्शंस कम होंगे, तो कंफ्यूजन भी कम होगा।
- हर काम का एक तय समय और रुटीन बनाएं। इससे बार-बार छोटे-छोटे फैसले नहीं लेने पड़ेंगे और दिमाग को रेस्ट मिलेगा, वो रिलैक्स्ड रहेगा।
- लगातार काम करने से बचें, इससे मानसिक थकान होती है। इसलिए हर 60 से 90 मिनट बाद ब्रेक लें।
- अच्छी नींद और हेल्दी डाइट भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने और फैसलों को आसान बनाने में मदद कर सकते हैं।

बच्चे और आप
ललिता गोयल

समर वैकेशन में बच्चों को स्कूल से हॉलिडे होमवर्क मिलता ही है। इसे पूरा कराने की जिम्मेदारी पैरेंट्स की होती है। बच्चे कैसे समर वैकेशन को एंज्वॉय करते हुए अपना हॉलिडे होमवर्क समय से पूरा कर लें, इसके लिए आप हॉलिडे होमवर्क का स्मार्ट शेड्यूल बना लें। यह कैसे बनाएं, जानिए।

# बच्चों के लिए करें स्मार्ट हॉलिडे होमवर्क प्लानिंग



इन दिनों ज्यादातर स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां हो गई हैं। बच्चे खुश हैं लेकिन पैरेंट्स को बच्चों के हॉलिडे होमवर्क की चिंता है, क्योंकि जितना मर्जी कोशिश कर लें, छुट्टियों के आखिरी दिन तक बच्चों का हॉलिडे होमवर्क खत्म नहीं होता। शुरू में तो लगता है बहुत टाइम है, हो जाएगा। लेकिन बाद में रिजल्ट होता है, बच्चों का अधूरा हॉलिडे होमवर्क। यह कहानी हर साल की होती है। चलिए, इस बार इस कहानी को बदलते हैं। हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बता रहे हैं, जिनसे बच्चों का होमवर्क आसानी से हो जाएगा और बच्चों ही नहीं आपकी भी समर वैकेशन मजे से बीतेगी।

**हॉलिडे होमवर्क का स्मार्ट शेड्यूल बनाएंः** जब आप एक प्लानिंग से बच्चों का होमवर्क कराएंगी तो वह समय से जरूर पूरा हो जाएगा। एक स्मार्ट शेड्यूल बच्चों को रोजाना थोड़ा-थोड़ा होमवर्क करने के लिए इंस्पायर करता है। हॉलिडे होमवर्क समय पर हो, इसके लिए शेड्यूल बनाएं। सारा होमवर्क देखने के बाद कब, क्या कितनी समय सीमा में करना है, उसका शेड्यूल बनाएं। बच्चों को शेड्यूल बनाने की प्रक्रिया में शामिल करें, उनसे पूछें कि वे किस समय पढ़ना पसंद करेंगे और किस समय खेलना चाहेंगे? उनकी राय से शेड्यूल बनाने से वे शेड्यूल मानेंगे। साथ ही शेड्यूल ऐसा बनाएं कि होमवर्क तो होता रहे और बच्चों की मस्ती और खेल-कूद भी चलता रहे। पहले एक सब्जेक्ट का होमवर्क खत्म कराएं और फिर दूसरा शुरू करें। इससे आपको ध्यान भी रहेगा कि कितना होमवर्क हो गया, कितना बचा है?



### आप भी दें उसका साथ

**होमवर्क के** बीच में बच्चे की पसंद के अनुसार उसे घुमाने ले जाएं या खेलने भी दें। जिससे उन्हें यह फील न हो कि हॉलिडे होमवर्क का मतलब सिर्फ पढ़ाई करना है। इससे होमवर्क उसे बोझ नहीं लगेगा और वह होमवर्क एंज्वॉय करेगा। अगर बच्चा खुद होमवर्क कर रहा है, तब भी उसके साथ बैठें, ताकि उसे अकेलापन महसूस न हो और वह बोर न हो। पढ़ाई के साथ खेलने के लिए बच्चों को पूरा समय दें। कुछ पैरेंट्स बच्चों को होमवर्क खत्म करने का प्रेशर बनाकर उन्हें घंटों बैठाए रखते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, बल्कि जब बच्चा होमवर्क करे, तो खुद भी उसके साथ बैठें और उसकी मदद करें।

**प्रेशर न बनाएंः** होमवर्क करने के लिए बच्चे पर कभी प्रेशर न बनाएं। बीच में गैप ले-लेकर होमवर्क कराएं। बीच-बीच में बच्चे के साथ खेलें, कुछ रोचक एक्टिविटीज करें ताकि होमवर्क से बच्चा बोर न हो, एक्टिव बना रहे।

**टाइमिंग का रखें ध्यानः** बच्चों को होमवर्क कराते समय इस बात का ध्यान रखें कि वह बच्चा है, जल्दी और ज्यादा होमवर्क कराने के चक्कर में उसे बोर न करें, क्योंकि अगर वह शुरू में बोर हो जाएगा, तो होमवर्क उसे बोझ लगने लगेगा। अपने बच्चे की क्षमता के हिसाब से प्लानिंग करें।

**बच्चों का होमवर्क खुद न करेंः** कुछ पैरेंट्स होमवर्क खत्म करने के चक्कर में बच्चों का होमवर्क खुद कर देते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, क्योंकि अगर एक बार आप उनका होमवर्क कर देंगे या तो वह खुद से होमवर्क कभी-भी नहीं करना चाहेगा। इसलिए जरूरी है कि उन्हें होमवर्क कराने के दौरान चीजों को और रोचक बनाते हुए उन्हें सीखने और खुद से होमवर्क करने के लिए प्रेरित करें।

(शिक्षिका योगिता जिंदल से बातचीत पर आधारित)



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तेज धूप से स्किन टैनिंग आजमाएं ये घरेलू उपाय

गर्मी के मौसम में स्किन पर तेज धूप का असर दिखने लगता है। दरअसल, कैप, दुपट्टा या छाता से कवर करने के बाद भी दिन में घर से बाहर निकलने पर थोड़ी-बहुत टैनिंग हो ही जाती है। दरअसल, सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों के संपर्क में आने से हमारी स्किन डल पड़ने लगती है। स्किन के कॉम्प्लेक्शन में अंतर आने लगता है। ऐसे में धूप के असर से बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो आपकी स्किन को टैनिंग से बचाए रखेंगे।



**पपीता फेस पैकः** यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से डल पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप पका हुआ पपीता और नीबू लें। पपीते का छिलका उतारकर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकती हैं।



**शहद-पपीते का फेस पैकः** सन टैन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा-सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बूंदें शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टैन को हटाने के साथ ही त्वचा को पोषण भी देता है, जिससे आपकी स्किन सॉफ्ट बन जाती है।

**नीबू का फेस पैकः** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में मौजूद नेचुरल फैट और मिनरल्स, स्किन को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि स्किन को पोषण प्रदान करते हैं।



**एलोवेरा जैल-हल्दीः** तीन चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच हल्दी और दो चम्मच शहद को एक कटोरी में मिलाकर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलोवेरा जैल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टैन की समस्या से निजात मिलती है।

आप वर्किंग वूमेन हों या होम मेकर, जरूरत पड़ने पर दिन के समय भी घर से बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट को लेकर कॉन्शस रहें।

# डाइट रखें सही नहीं होगा हीट स्ट्रोक

डाइट सजेशन
डॉ. अंशु चौहान, डाइटीशियन

इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। दिन के समय तो तापमान बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में अगर घर से बाहर निकलना पड़े तो लू लगने यानी हीट स्ट्रोक का रिस्क होता है। इससे आपको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लू से बचने के लिए अन्य सावधानियों के साथ अपनी डाइट का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है।



**इनका करें सेवनः** इन तपिश भरे दिनों में सबसे अधिक ध्यान हाइड्रेशन पर होना चाहिए। हमारे शरीर का लगभग 60-70 प्रतिशत हिस्सा पानी का होता है, लेकिन तेज गर्मी की वजह से पसीने के जरिए हम न केवल शरीर में मौजूद पानी बल्कि जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम और पोटेशियम भी खोते रहते हैं। इसकी भरपाई के लिए खीरा, तरबूज और लौकी जैसी सब्जियों और फलों का सेवन फायदेमंद है। इनमें 90 प्रतिशत से अधिक पानी होता है। तरबूज में मौजूद लाइकोपिन, त्वचा को सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाता है। वहीं खीरा शरीर को ठंडक देता है और इसमें मौजूद फाइबर कब्ज जैसी समस्याओं को भी दूर रखता है। जो अकसर गर्मी में पानी की कमी से हो जाती है। इन दिनों प्याज का सेवन भी लू से बचाने में कारगर माना जाता है, क्योंकि इसमें क्वेरसेटिन नामक तत्व होता है, जो गर्मी के प्रभाव को कम करने में मददगार साबित होता है। नियमित छोटे-छोटे मील्स, शरीर को कार्बोहाइड्रेट प्रदान करते हैं, जो गर्मी में ऊर्जा के मुख्य स्रोत होते हैं। घर का बना ताजा खाना और मौसमी फलों का सेवन आपको गर्मी में भी ऊर्जावान और सुरक्षित रखेगा।



**उपयोगी पेय पदार्थः** इन दिनों पेय पदार्थों में छाछ और नीबू पानी पीना सबसे फायदेमंद है। छाछ एक प्राकृतिक प्रोबायोटिक है, जो हमारे पाचनतंत्र को दुरुस्त रखने में सहायक होता है। जबकि नीबू पानी विटामिन-सी और इलेक्ट्रोलाइट्स का भंडार है। इसके अलावा आम का पन्ना, लू से बचने का पुराना, कारगर घरेलू तरीका है। कच्चे आम में मौजूद एसिड और पैक्टिन नामक पदार्थ, शरीर को झुलसाने वाली गर्मी से लड़ने की शक्ति देते हैं। इनके अलावा सत्तू का शरबत, प्रोटीन का एक बेहतरीन और सस्ता माध्यम है, जो शरीर को अंदर से ठंडा रखता है और लंबे समय तक ऊर्जा देता है। नारियल का पानी प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स (पोटेशियम, सोडियम, मैग्नीशियम) से भरपूर और डिहाइड्रेशन रिकवरी में सहायक होता है। इस बात को भी याद रखें कि गर्मी के दिनों में प्यास लगने का इंतजार ना करें, बल्कि हर एक घंटे में थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।

**क्या न खाएंः** इन दिनों तला-भुना और मसालेदार खाना पचाने में शरीर को बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे आंतरिक गर्मी बढ़ती है। समोसे, पकौड़े या भारी ग्रेवी वाली सब्जियां, एसिडिटी और पेट में जलन पैदा करती हैं। इसी तरह कैफीन (चाय और कॉफी) का सेवन कम करना चाहिए। ये पदार्थ डाइयूरेटिक होते हैं, जिसका मतलब है कि ये शरीर से पानी को बाहर निकालते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा चीनी वाले ठंडे पेय पदार्थ या सोडा पीना भी सही नहीं होता है। साथ ही इस मौसम में रेड मीट, शराब और भारी प्रोटीन वाले फूड्स से परहेज करना चाहिए। बासी खाना भी नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा रहता है।

प्रस्तुतिः संध्या रानी

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी के आरोपी भेजे गए जेल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने बीते दिनों पाडला निवासी हर्ष को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने लगभग एक दर्जन बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की थी। इस मामले में उसी के गांव निवासी नवीन को भी गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### फुटओवर ब्रिज गार्डर लॉंचिंग के कारण रेल सेवाएं प्रभावित

**रेवाड़ी।** उत्तर पश्चिम रेलवे के रेवाड़ी-हिसार रेलखंड पर मनहेरू स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज गार्डर कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं रद्द व आंशिक रद्द रहेंगी। गाड़ी संख्या 54787 भिवानी-रेवाड़ी रेलसेवा 3 व 4 अगस्त को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 59632 रेवाड़ी-हिसार रेलसेवा 2 व 3 अगस्त को रद्द रहेगी।

### यादव सभा ने मनाई वीर यौद्धा आल्हा-ऊदल की जयंती

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा के सभागार में यादव समाज के प्रसिद्ध वीर योद्धा आल्हा-ऊदल की जयंती सोमवार को बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव सभा कन्वीनर डॉ. राजबीर सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ आल्हा-ऊदल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आल्हा-ऊदल की वीरता, साहस और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। सभा में भजन एवं वीर रस के गीत प्रस्तुत किए गए, जिनमें आल्हा-ऊदल की बहादुरी के किस्सों का वर्णन किया गया। इस अवसर पर यादव सभा के पूर्व प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव, पूर्व उपप्रधान महाबीर प्रसाद डीपीई, पूर्व उपप्रधान संजय राव, खजांची जगदीश प्रसाद आदि रहे।

---

### उपभोक्ता हितों की सुरक्षा और पारदर्शी मूल्य निर्धारण नियम बनाने की उठाई मांग

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का एमआरपी के मनमाने निर्धारण के खिलाफ प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई की ओर से सोमवार को वस्तुओं पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी के मनमाने निर्धारण से उपभोक्ताओं के आर्थिक शोषण के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। लघु सचिवालय के समक्ष एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिला इकाई के सदस्यों ने लघु सचिवालय पहुंचकर भारत सरकार के नाम डीआरओ प्रदीप देशवाल को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एक गैर-राजनीतिक संगठन के रूप में ग्राहक जागरण के माध्यम से उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे की ओर आकर्षित करना था। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की ओर से एमआरपी निर्धारण के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नियम एवं दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। उन्होंने प्रत्येक वस्तु के पैकेट पर निर्माता द्वारा निर्धारित मूल्य अंकित अनिवार्य करने व निर्माता कंपनियों द्वारा अनुचित तरीके से बढ़ाकर तय किए गए एमआरपी पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता संरक्षण कानून में आवश्यक सुधारों की भी मांग की।संगठन ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती, तब तक जनहित में यह मुहिम जारी रहेगी।



रेवाड़ी। सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए संगठन के सदस्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संगठन के हरियाणा प्रांत अध्यक्ष डा. आर बी यादव, जिला अध्यक्ष विपिन ढींगरा, सचिव धीरज जांगड़ा, जिला संगठन मंत्री कृष्ण कुमार, तरुण सिकरवाल, दिनेश सैनी, अनिल, बिहारी लाल, हंसराज, धर्मेंद्र, दिनेश, एडवोकेट नितेश, एडवोकेट सुनीता, एडवोकेट सरला, एडवोकेट बीरेन, एडवोकेट संजीव, रमेश सचदेवा, रामकिशोर, सरदार निका सिंह, अतुल बत्रा, डा. प्यारेलाल, दिनेश कपूर, बलराज, यशपाल, दयाराम व तेजपाल सहित संगठन के सभी सदस्य एवं जागरूक नागरिक उपस्थित थे।

---


रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

## ग्राम पंचायतें अब गांवों में पेयजल व्यवस्था की संभालेंगी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को एक नई दिशा मिलने जा रही है। अब जिला प्रशासन के साथ मिलकर गांव की पंचायत क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता को लेकर काम करेगी। इसके लिए ग्राम स्तर पर एक कमेटी का गठन किया जाएगा और यह कमेटी पेयजल आपूर्ति से लेकर उसके रखरखाव, नए कनेक्शन देने और बिल भुगतान तक के कार्य को देखेगी। सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के सभी जिलों के डीसी व अधिकारियों को वीसी के माध्यम से बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत डीसी अभिषेक मीणा ने भी अधिकारियों के साथ बैठक की। डीसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार ने सराहनीय पहल की है। अब ग्रामीण स्तर पर एक कमेटी पेयजल आपूर्ति के मामलों को संभालेगी। कमेटी में विकास एवं पंचायत विभाग और जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के साथ-साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, युवा, स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल से जुड़े सदस्यों को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर डीडीपीओ अंकित चौहान, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय प्रकाश चौहान, कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार यादव, विभाग के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार व एचएसआरएलएम के डीपीएम आफताब अहमद मौजूद थे।

---

## पीएम श्री विद्यालय खोरी के प्राचार्य ब्रह्म प्रकाश को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

गांव खोरी स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता जसवंत सिंह व सतबीर सहित समस्त स्टाफ ने प्राचार्य को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रवक्ता जसवंत सिंह ने कहा कि प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश ने विद्यालय में करीब साढ़े तीन वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं, जिन्हें सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मप्रकाश ईमानदार, कर्मठ एवं अपने कार्य के प्रति सजग अधिकारी रहे हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए। डिप्टी डीईओ संतोष तंवर ने कहा कि प्राचार्य ब्रह्म प्रकाश ने पूरे स्टाफ को परिवार की तरह साथ लेकर कार्य किया और विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार बेहतर बनाए रखा। खंड खोल के बीईओ अशोक नांदल ने कहा कि ब्रह्म प्रकाश ने शिक्षा विभाग को 30 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं।


रेवाड़ी। सेवानिवृत्त प्राचार्य का सम्मान करते शिक्षक।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व आरटीआई कमिश्नर नरेंद्र यादव, पूर्व संयुक्त निदेशक संगीता यादव, पूर्व डीईओ महेंद्र सिंह खनगवाल, प्रो. अजय वशिष्ठ, पूर्व बीईओ पृथ्वी सिंह, सरपंच प्रतिनिधि सतबीर सिंह, पूर्व चेयरमैन अर्चना यादव, पूर्व पार्षद डा. अरविंद यादव, डा. संजय मेहरा, डा. आनंद राज शर्मा कुंड, पवन बजाज, पूर्व चेयरमैन जीतू माजरा, भाजपा जिला सचिव दिनेश यादव, भाजपा खोल मंडल प्रधान सुभाष यादव, यशु माजरा, नरेंद्र यादव, जीवनराम गर्ग, पूर्व प्रिंसिपल धर्मेंद्र, ओमपाल ढाणी राधा, जेजेपी नेता विपिन माजरा, डा. यशपाल, नित्यानंद यादव, प्रिंसिपल सत्यवीर नाहड़िया व प्राचार्य शिवराज सिंह सहित अनेक विद्यालयों के मुखिया उपस्थित थे।

---

## मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटि रहित बनाना एसआईआर का उद्देश्य: डीसी

### डीसी अभिषेक मीणा ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) का कार्य 5 जून से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध और अघतन, हर पात्र नागरिक का पंजीकरण सुनिश्चित करना, चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष कराने के लिए एसआईआर जरूरी है। डीसी ने सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में एसआईआर कार्य के संबंध में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। डीसी ने राजनीतिक प्रतिनिधियों से जिला सभी बूथों पर जल्द से जल्द अपने बीएलए-1 और 2 नियुक्त करने का आह्वान किया ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी निष्पक्षता से सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकें। डीसी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों के नाम को हटाना, दोहरी प्रविष्टियां हटाना, स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी अपडेट करना, नए पात्र मतदाताओं को शामिल करना है। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की अर्हता तिथि 1 जुलाई निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के अनुसार 5 जून से 10 जून तक बीएलओ को प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण किया जाएगा, जबकि 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसके लिए वैबसाइट लिंक एवं क्यूआर कोड को स्कैन करके ऑनलाइन माध्यम से किसी भी व्यक्ति द्वारा गणना प्रपत्र भरा जा सकता है। इस अवसर पर डीडीपीओ अंकित चौहान, नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार, बीएसपी मास्टर किशोरी लाल व बीजेपी से सतपाल धूपिया उपस्थित थे।


रेवाड़ी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

#### मतदाता प्रक्रिया अपडेट

इसके साथ ही मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन का कार्य भी 14 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा तथा 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। डीसी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना प्रपत्र भरने एवं दस्तावेज प्राप्त करने की प्रक्रिया को सहज एवं सरल बनाने के लिए हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन एवं ऑनलाइन) की व्यवस्था दी गई है।

---

## पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 627 वाहन चालकों पर कसा शिकंजा



**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से गत 18 मई से 24 मई तक ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहन में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट बाइक पटाखा छोड़ने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 627 चालकों के चालान काटे गए। ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 चालकों के चालान किए गए। गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व बुलेट बाइक में पटाखा छोड़ने वाले 7 चालकों पर शिकंजा कसा गया। वही लेन चेंज से संबंधित नियमों की अवहेलना करने पर 614 वाहन चालकों के चालान किए गए। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें।

---

## राज स्कूल में हुआ परिवार बचाओ, समाज बचाओ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के तत्वावधान में राज इंटरनेशनल स्कूल में परिवार बचाओ, समाज बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय कार्यालय सचिव राधे श्याम, अध्यक्ष दक्षिण हरियाणा नीलम, मनीष और राजेश सैनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

दिलबाग सैनी के चौथी बार निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में परिवार बिखर रहे हैं। यदि परिवार मजबूत होगा तभी समाज सशक्त बनेगा। हमें अपने बच्चों को संस्कार, शिक्षा और समाज सेवा का पाठ पढ़ाना होगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल व शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कुरीतियों को दूर करने की दिलाई शपथ इस मौके पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजकुमार सैनी ने कहा कि दहेज प्रथा, मृत्यु भोज व दिखावे जैसी कुरीतियां समाज को खोखला कर रही हैं। उन्होंने सभी को इन कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने की शपथ दिलाई। करतार सैनी ने कहा कि बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाएं। बेटी दो परिवारों का नाम रोशन करती है। फिजूलखर्ची रोककर उस धन को बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करें। नवीन सैनी दूसरी बार बने प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव राधे श्याम ने कुछ नियुक्तियों की घोषणा भी की, जिसमे सैनी सभा के पूर्व प्रधान व ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के दक्षिण हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन सैनी के समर्पण व कार्य को देखते हुए दूरी बार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कियागया, वही नीलम सैनी को महिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष नवीन सैनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समाज के मेधावी छात्रों व खिलाड़ियों को सम्मानित करने की योजना पर भी चर्चा हुई।


रेवाड़ी। नवीन सैनी को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुकेश सैनी सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन, राजेंद्र सैनी चेयरमैन राज स्कूल, करतार सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता, यादराम सैनी, खेमचंद सैनी, राकेश सैनी, गिरधारी लाल सैनी, लाजपत सैनी, कृष्ण सैनी, दिनेश सैनी, मुकेश सैनी, हेमंत सैनी, पवन सैनी, हरिओम सैनी, सौरभ सैनी, सूर्यकांत सैनी, हरिराम सैनी, बलजीत सैनी,दीपक सैनी, रिंकू व ओमप्रकश सैनी उपस्थित थे।

---

## महेंद्रगढ़ पुलिस लाइन में चलाया स्वच्छता अभियान


महेंद्रगढ़। पुलिस लाइन में श्रमदान करते जवान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पुलिस अधीक्षक दीपक के दिशा-निर्देशों में सोमवार को महेंद्रगढ़ स्थित पुलिस लाइन में जिला पुलिस के जवानों द्वारा स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस के जवानों ने पूरे उत्साह के साथ एकजुट होकर पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया। जवानों ने श्रमदान करते हुए परिसर में मौजूद पेड़ों के सूखे पत्ते, उगी हुई झाड़ियां, बेकार घास और कूड़ा-कचरा हटाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। इस स्वच्छता अभियान के अवसर पर एएसपी फैजल खान ने जवानों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अधिकांश बीमारियां गंदगी के कारण ही फैलती हैं, इसलिए इनसे बचाव और स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए साफ-सफाई बेहद आवश्यक है। बीमारियों से दूर रहने के लिए स्वच्छता बनाए रखना हम सभी के सामूहिक सहयोग से ही संभव है, क्योंकि स्वच्छता ही हमारे जीवन को सुखमय और निरोगी बनाती है।

---

### योजना के तहत प्रोत्साहन राशी प्राप्त करने के लिए किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा

धान की सीधी बिजाई पर किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि, मशीनों पर भी मिलेगा अनुदान

# डीएसआर तकनीक अपनाएं, पाएं अनुदान और पानी बचाकर घटाएं खेती की लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सहायक कृषि अभियंता दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से खरीफ 2026 सीजन में धान की सीधी बिजाई डीएसआर मशीन से करने पर किसानों को 4500 रुपए प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशी दी जाएगी। योजना के तहत प्रोत्साहन राशी प्राप्त करने के लिए इच्छुक किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। योजना के तहत किसानों के लिए क्षेत्रफल की अधिकतम कोई सीमा निर्धारित नहीं है। योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। डीएसआर तकनीक से पारंपरिक धान रोपाई विधि से 15-20 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाकर जल संरक्षण में योगदान देने की अपील की है।


रेवाड़ी। धान की रोपाई के लिए डीएसआर मशीन।

उन्होंने कहा कि किसान डीएसआर मशीन अपनाकर अपनी लागत कम करने के साथ-साथ भूजल स्तर को बचाने में भी मदद कर सकते है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से खरीफ सीजन में राज्य में कुल 600 डीएसआर मशीन अनुदान पर उपलब्ध कराई जाएगी। इन मशीनों पर कीमत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 40000 रुपए अनुदान दिया जाएगा। कृषि विभाग के उप निदेशक जितेन्द्र अहलावत ने बताया कि धान की सीधी बिजाई तकनीक में बीज की मात्रा 8 किलोग्राम प्रति एकड़ पर्याप्त रहती है। बीज उपचार के लिए 10 किलोग्राम बीज के लिए 10 ग्राम एमिसान या 10 ग्राम कार्बेन्डाजिम व एक ग्राम स्ट्रेपटोसाइक्लिन या 25 ग्राम पोसामाइसिन का 10 लीटर पानी में घोल बनाकर बीज को 24 घंटे तक भिगोएं। इसके उपरांत बीज को एक-दो घंटे तक छाया में सुखाएं ताकि अतिरिक्त नमी खत्म हो जाएं। बतर अवस्था में सीधी बिजाई करने पर खरपतवार नियंत्रण के लिए पेंडीमेथालीन का 1.3 लीटर प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर बिजाई के तुरंत बाद स्प्रे करें। स्प्रे नम भूमि में करें। सूखी अवस्था में बिजाई करने की के तुरंत बाद सिंचाई करके तीन दिन बाद स्प्रे करे।

---

## चौथे दिन की भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



शहर के रेलवे रोड स्थित मास्टर कॉलोनी के किशोरी कुंज में श्रीमती कौशल्या देवी शिव मंदिर ट्रस्ट एवं कॉलोनी के सभी भक्तों की ओर से श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानोत्सव चल रहा है, जिसमें वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास अक्षय कृष्ण ठाकुर महाराज द्वारा रविवार को चौथे दिन की भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। मास्टर अमरसिंह सोनी के निर्देशन में भगवान श्रीकृष्ण और वासुदेव की मनमोहक झांकी भी पेश की गई जो आकर्षण का केंद्र रही। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान कथा प्रबंधक मामन चौधरी एवं श्रीमती आशा गर्ग सपरिवार थे, जबकि अन्य यजमान राजेन्द्र राठी, प्रेम राठी, रतन राठी, महेंद्र राठी, संजय राठी, अनिल राठी ने भी सपरिवार पहुंच कर पूजा अर्चना तथा आरती करवाई और अपनी ओर से प्रसाद बंटवाया।

**ग्राम पंचायत बोहतवास अहीर**
**खण्ड डहीना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोहतवास अहीर, खण्ड डहीना, जिला रेवाड़ी में ट्यूबवैल ऑपरेटर का पद खाली है जिसमें ट्यूबवैल ऑपरेटर (वाटर सप्लाई चालक) की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 25.05.2026 से 24.06.2026 तक खण्ड कार्यालय डहीना / सरपंच, ग्राम पंचायत बोहतवास अहीर के पास अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

हस्ता/- सरपंच, ग्राम पंचायत बोहतवास अहीर,
रेवाड़ी (हरियाणा), फोन : 9466782020

### कंपनी में तीन कर्मचारियों की मौत की हो चुकी पुष्टि

# जीएलएस कंपनी प्रबंधन में बरती गई घोर लापरवाही मालिक व एचआर हेड सहित कई अफसर नामजद

**पुलिस ने एजीएम के बयान पर मालिक, एजआर मैनेजर और दूसरे प्रबंधकों के खिलाफ केस दर्ज किया**

- **मलबे से मिली अस्थियां भेजी जा रही डीएनए टेस्ट के लिए एफएसएल**





रेवाड़ी। 19 मई को कंपनी में लगी आग का फाईल फोटो तथा रेवाड़ी। पुलिस से बहस करते हुए लापता कर्मचारियों के परिजन। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते 19 मई को दोपहर के समय बावल के सेक्टर-5 स्थित जीएलएस स्पेशियलिटी केमिकल्स प्रा. लि. कंपनी में लगी आग से 2 कर्मचारी जिंदा जल गए थे, जबकि झुलसे हुए एक कर्मचारी की अस्पताल में मौत हो गई थी। झुलसने के बाद घायल हुए कंपनी के एजीएम ने पुलिस बयान में इस बात का खुलासा किया है कि कंपनी में आगजनी की छोटी घटनाएं पहले भी हो चुकी थीं। एचआर मैनेजर से लेकर मालिक और दूसरे प्रबंधकों को पुख्ता इंतजाम करने की मांग की गई थी, लेकिन उन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। मालिक और प्रबंधन की लापरवाही से ही इतना बड़ा हादसा हो गया। पुलिस ने एजीएम के बयान पर मालिक, एजआर मैनेजर और दूसरे प्रबंधकों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कंपनी के एजीएम विक्रम यादव भी आगजनी के दौरान झुलस गए थे। उन्होंने पुलिस बयान में बताया कि वह 19 मई को कंपनी के प्रोडक्शन फ्लोर पर कार्य कर रहा था। सुबह करीब 11 बजे कंपनी के रिएक्टर के अचानक धमाका हुआ। उस समय कंपनी के प्रोडक्शन फ्लोर पर 50 से 60 कर्मचारी कार्य कर रहे थे। धमाका होने के साथ ही कंपनी में आग लग गई।

एजीएम के अनुसार इस तरह की छोटी घटनाएं कंपनी में कई बार हो चुकी थीं। मालिकों से लेकर एचआर मैनेजर और मैनेजर तक को कंपनी का आपातकालीन गेट चौड़ा कराने और फायर ब्रिगेड की गाड़ी कंपनी में नियमित रूप से तैनात रखने की मांग की गई थी, परंतु कंपनी प्रबंधन की ओर से इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए। कंपनी में आगजनी के बाद अगर आपातकालीन गेट चौड़ा होता, तो कर्मचारी भागकर जान बचा सकते थे। आगजनी के बाद 5-6 कर्मचारियों सहित वह खुद भी झुलकर घायल हो गए। झुलसे हुए कर्मचारियों को उनके साथी कर्मचारियों ने ही अस्पतालों तक अपनी निजी गाड़ियों से पहुंचाया। अगर कंपनी प्रबंधन की ओर से इस दिशा में पहले ही गंभीर कदम उठाए जाते, तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता।

### दो कर्मचारियों के मिल चुके कंकाल

हादसे के बाद झुलसे हुए एक कर्मचारी ने गुरूग्राम के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। दो कर्मचारियों के कंपनी में ही जिंदा जल जाने की आशंका बनी हुई थी। इन कर्मचारियों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजन उन्हें तलाशने की मांग पर बार-बार हंगामा कर चुके हैं। रविवार को दो कर्मचारियों के कंकाल मलबे से मिले हैं, जिन्हें डीएनए टेस्ट के लिए एफएसएल भेजा रहा है। डीएनए टेस्ट से ही दोनों मृतकों की पहचान सुनिश्चित हो सकेगी।

### प्रबंधन ने नहीं किया पुलिस सहयोग

एजीएम के बयान के बाद पुलिस ने अपनी जो रिपोर्ट तैयार की है, उसके मुताबिक कंपनी प्रबंधन ने इतने बड़े हादसे के बाद भी पुलिस का सहयोग नहीं किया। जांच अधिकारी नितिन के अनुसार आगजनी की सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचते हुए बचाव कार्य शुरू कराया।

### गायब कर्मचारियों की जानकारी नहीं

जांच अधिकारी के अनुसार कंपनी प्रबंधन ने यह नहीं बताया कि हादसे के समय कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों में से आग लगने के बाद कितने लापता हैं। कंपनी प्रबंधन ने कर्मचारियों को बचाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किए।

### कंपनी ने इस तरह से बरती लापरवाही

- आगजनी के समय कंपनी का फायर सेफ्टी सिस्टम कार्य नहीं कर रहा था।
- लोकल पुलिस को यह नहीं बताया कि कितने कर्मचारी कार्य कर रहे थे।
- आग पर तुरंत काबू पाने के लिए केमिकल के बारे में भी नहीं बताया गया।
- पुलिस को यह नहीं बताया गया कि केमिकल का भंडारण कहां किया है।
- आगजनी के समय कंपनी का साइट मैप पुलिस को नहीं दिखाया गया।
- आगजनी के दौरान कंपनी के फायर सिस्टम में पानी तक नहीं आ रहा था।
- कंपनी में कार्य कर रहे श्रमिकों की सूची भी पुलिस को मुहैया नहीं कराई।
- कर्मचारियों की काउंटिंग करके उनकी संख्या तक को छुपाया जाता रहा।

### मालिक व प्रबंधन पर दर्ज किया केस



इस मामले में जांच के बाद यह बात साफ हो गई कि आगजनी के बाद भी प्रबंधन ने पुलिस का आग पर काबू पाने में कोई सहयोग नहीं किया। कर्मचारियों की जान की सुरक्षा के लिए कंपनी प्रबंधन की ओर से लापरवाही बरती गई, जिस कारण आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। -सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी।

## ग्रीष्मावकाश में भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 29 से

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा के लिए भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन शुरू किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09257 भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 29 मई से 26 जून तक भावनगर टर्मिनस से प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 2:20 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:55 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। वही गाड़ी संख्या 09258 शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 30 मई से 27 जून तक शकूरबस्ती से प्रत्येक शनिवार को दोपहर 1:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:50 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में भावनगर परा, सिहोर गुजरात, धोला, बोटाड, धंधुका, धोलका, सरखेज, गांधीग्राम, चांदखेड़ा रोड, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड जंक्शन, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, रेवाड़ी, गुरुग्राम व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## सोसायटी ने सीवेज शोधन संयंत्र लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा



दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित विपुल गार्डन सोसायटी ने जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए अपने सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) को अत्याधुनिक कम्प्यूटरीकृत तकनीक एवं अल्ट्रा फिल्ट्रेशन प्रणाली से उन्नत किया है। सोमवार को आधुनिक एसटीपी संयंत्र का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रहरी प्रकाश खरखड़ा ने किया। सोसायटी के करीब 30 लाख रुपये की लागत से लगाए आधुनिक संयंत्र के बाद अब एसटीपी से निकलने वाला शोधित जल पूरी तरह स्वच्छ एवं पारदर्शी हो गया है। इस शोधित जल का उपयोग सोसायटी में शौचालय फ्लशिंग के लिए किया जाएगा, जबकि अतिरिक्त जल को बागवानी और पेड़-पौधों में प्रयोग किया जाएगा। इस मौके पर प्रकाश खरखड़ा ने कहा कि यह केवल एक तकनीकी उन्नयन नहीं, बल्कि भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में सोसायटी के प्रधान चंद्रजीत सिंह, पूर्व प्रधान कंवर सिंह, राकेश शर्मा, रामदेव आरडब्ल्यूए, मुकेश मास्टर, प्रेमराज त्यागी व सुरेंद्र भाटोटिया सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

## सर्वोदय सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में मेरिट पाने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



सर्वोदय सीनियर सैकेंडरी स्कूल नंगली परसापुर के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल की है। सोमवार को स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के छात्र जितिन गांव इब्राहिमपुर ने कक्षा 10वीं में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बावल ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा खुशी एवं प्रिया ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं महक निवासी गांव अलवालपुर ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इनके अलावा शुभम ने 97.4 प्रतिशत, मयंक ने 97 प्रतिशत, अनुज व नवीन ने 96.4 प्रतिशत, बंधन ने 95.8 प्रतिशत, ध्रुव व वंश ने 95.4 प्रतिशत, पूर्वा ने 95.2 प्रतिशत, पवन कुमार ने 95 प्रतिशत, रिशिका ने 94.2 प्रतिशत, तनिष ने 93.6 प्रतिशत, हिमांशी व धीरज ने 93.4 प्रतिशत, आचू व दीपेन्द्र ने 93 प्रतिशत, आयुष व लक्षित ने 92.8 प्रतिशत, प्रिंस ने 92 प्रतिशत, देविक ने 91.8 प्रतिशत, मयंक ने 91.2 प्रतिशत, याचना ने 90.8 प्रतिशत तथा जय यादव ने 90.4 प्रतिशत अंक हासिल किए।परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 46 विद्यार्थियों में से 14 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 38 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक तथा 43 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर दिनेश कुमार, अरुण, नेहा कुमारी, धेनु बाला, शालू, पूजा, जितेन्द्र व पूर्ण सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जनगणना जागरूकता प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जिले में 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हुआ हाउस लिस्टिंग का कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जनगणना-2027 के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग की ओर से पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। डीसी अभिषेक मीणा ने सोमवार को प्रतियोगिताओं के जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थियों को लघु सचिवालय सभागार में पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि 1 मई से शुरू हुआ घर-घर सर्वे अभियान जिले भर में सुचारू रूप से चल रहा है और यह अभियान 31 मई तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जिले में प्रगणकों की ओर से 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने शेष कार्य भी समय रहते पूरा कराने के निर्देश दिए।



रेवाड़ी। विजेता छात्रा को सम्मानित करते डीसी अभिषेक मीणा।

### ये रहे प्रतियोगिताओं के विजेता

जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ततारपुर इस्तमुरार की 12वीं कक्षा की वेदिका प्रथम, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोड़िया कमालपुर की दसवीं कक्षा की प्रीति द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका का बारहवीं कक्षा का लवकुश तृतीय स्थान पर रहा। निबंध प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल की बारहवीं कक्षा की चंचल प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा की 11वीं कक्षा की दीपिका द्वितीय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डहीना की दसवीं कक्षा की विनीता शर्मा तृतीय स्थान पर रही।



रेवाड़ी। स्कूल अधिकारी संगठन के जिला प्रधान का स्वागत करते प्राचार्य।

## कंवाली स्कूल के प्राचार्य अनिल बने स्कूल अधिकारी संगठन के जिला प्रधान

- **सर्वसम्मति से संपन्न हुआ चुनाव, शीघ्र घोषित की जाएगी जिला कार्यकारिणी**

रेवाड़ी। सोमवार को भाड़ावास गेट के पास स्थित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा स्कूल अधिकारी संगठन के जिला प्रधान का चुनाव उप जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें आगामी 3 वर्षों के लिए गवर्नमेंट स्कूल कंवाली के प्राचार्य अनिल यादव को अध्यक्ष चुना गया। निवर्तमान कार्यकारिणी के प्रेस सचिव प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी की ओर से भेजे गए चुनाव पर्यवेक्षक प्राचार्य नरेंद्र कुमार की देखरेख में अनिल यादव का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष डा. दुष्यंत यादव ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। डिप्टी डीईओ अरविंद यादव ने संगठन की गरिमा एवं महत्व को रेखांकित करते हुए सर्वसम्मति से किए गए मनोनयन को जिला शिक्षा विभाग के लिए प्रेरक बताया। संगठन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने संगठन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का आभार जताया तथा शीघ्र नई कार्यकारिणी बनाकर स्कूल अधिकारियों के लिए जिला तथा राज्य स्तर पर लंबित मामलों की पैरवी का आश्वासन दिया। अनिल यादव इससे पहले स्कूल अधिकारी संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष तथा हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) के राज्य प्रधान रह चुके हैं। इस अवसर पर विनोद कुमार, मुकेश सैनी, राकेश कुमार, अनिल यादव, हरीश चौहान, नरेश कुमार, मनोज कुमार, डा. मंजू बाला, डा. सरोज यादव, जितेंद्र सिंह, उपदेश यादव, उर्मिला, मंजूबाई, बिजेंद्र, संतोष कुमारी, डा. सुधा यादव, सुनीता यादव, डा. शोभा यादव, समता देवी, कैलाशचंद, करतार सिंह व देवेंद्र यादव सहित अनेक स्कूलों के प्राचार्य मौजूद थे।

**कार्यकर्ताओं को मानसिक व शारीरिक दृढ़ता के लिए योगाभ्यास करवाया**

# भाजपा 24 घंटे और 7 दिन निरंतर राष्ट्रसेवा में काम करने वाला जीवंत संगठन: डा. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन राष्ट्रनिष्ठा और संगठनात्मक संकल्प के साथ हुआ। जिला अध्यक्षा डा. वंदना पोपली की अध्यक्षता में आयोजित शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत योगासन से हुई, जिसमें योग प्रशिक्षकों ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मानसिक व शारीरिक दृढ़ता के लिए योगाभ्यास कराया। इस मौके पर मुख्य वक्ता सुमित्रा चौहान ने संगठन से जुड़े अनुभव साझा किए और कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय बनाकर मतदाताओं को पार्टी की विचारधारा से लगातार जोड़े रखने का मूलमंत्र दिया। वरिष्ठ नेता ऋषिपाल और मनीष यादव ने संगठन की मजबूती तथा समसामयिक चुनौतियों पर विचार रखे। मनीष यादव ने आज के बदलते डिजिटल और सामाजिक दौर में संगठन के स्वरूप को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार ढालने और नए लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने के गुर सिखाए। डा. सतीश खोला ने संगठन निर्माण पर अपने महत्वपूर्ण संगठनात्मक सुझाव व प्रशिक्षण दिया। शिविर में नवनियुक्त चेयरमैन विनीता पीपल ने भी सभी नवनियुक्त पार्षदों के साथ शिरकत की।

प्रशिक्षण महाअभियान में भाजपा की आईटी टीम की ओर से विशेष तकनीकी सत्र का संचालन किया गया। इसके तहत एक लाइव ऑनलाइन क्विज प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने डिजिटल माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज की। डा. कृष्ण कुमार ने भी पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक चर्चा की। कार्यक्रम में प्रदेश और जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला प्रभारी नसीम अहमद, विधायक लक्ष्मण यादव, पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल, वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव, रत्नेश बंसल, रामपाल यादव, सिंहराम महलावत, हुकुमचंद यादव और प्रीतम चौहान उपस्थित थे। कार्यक्रम में नेताओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कार-पूलिंग को प्राथमिकता दी।

डा. पोपली ने कहा कि हमारे लिए सरकार में होना या न होना, जीत या हार गौण चीजें हैं। हमारा पहला परम कर्तव्य संगठन को मजबूत करना और अपनी निःस्वार्थ मेहनत के दम पर जनता के दिलों में अपनी जगह को और गहरा बनाना है।

### कड़ा अनुशासन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत

इस मौके पर जिला अध्यक्षा डा. वंदना पोपली ने कहा कि यह महाअभियान इस बात का जीवंत प्रमाण है कि भाजपा 24 घंटे और 7 दिन निरंतर राष्ट्रसेवा में काम करने वाला एक जीवंत संगठन है। पार्टी चुनाव जीतने के तुरंत बाद भी बिना किसी विश्राम या आत्ममुग्धता के युद्ध स्तर पर अपने संगठनात्मक कार्यों में जुट जाती है। उन्होंने कहा कि संगठन ही पार्टी की असली नींव है और कड़ा अनुशासन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

## न्यूज डायरी



### इसरो युविका फॉर यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में छाई रेवाड़ी की बेटी

रेवाड़ी। राजस्थान के जोधपुर में हाल ही में सम्पन्न हुए इसरो युविका फॉर यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम रेवाड़ी की वर्णिका ने बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। जिले के गांव बीकानेर निवासी मनोज कुमार की बेटी वर्णिका ने क्षेत्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र आरआरएससी जोधपुर राजस्थान में युवा वैज्ञानिकों के लिए इसरो युविका में भाग लेते हुए हरियाणा में प्रथम व भारत में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने वर्णिका का फूल मालाओं से स्वागत किया। छात्रा ने अपनी उपलब्धी का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। इस मौके पर जिला पार्षद सरोज मेहरा, समाजसेवी धनीराम मेहरा, प्रभु नंबरदार, भरत सिंह, तालमी, मनोज, रमन, सचिन, रामजस व टिंकू सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।



### कोसली के युवाओं ने लगाई मीठे पानी की छबील

कोसली। सोमवार को बढ़ती गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए युवाओं की ओर से मीठे पानी की छबील लगाई गई। युवाओं ने कोसली, झज्जर व गुड़ियानी से आवागमन करने वाले राहगीरों को मीठा पानी पिलाया। युवाओं ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों को पानी पिलाना एक पुण्य का कार्य है। इस नेक कार्य में कैलाश चंद्र, संदेश, जय वर्धन, साहिल, सौरभ, प्रदीप, तेजस व दीपक का योगदान रहा।



### मेघवाल उत्थान समिति ने 10वीं की टॉपर दीपिका को किया सम्मानित

रेवाड़ी। मेघवाल उत्थान समिति के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा बोर्ड 10वीं की टॉपर छात्रा दीपिका मेघवाल को भिवानी के खेड़ा गांव पहुंचकर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों ने दीपिका का गौरव की प्रतीक पगड़ी पहनाकर और मोमेंटो भेंटकर हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर समिति के प्रधान सूरजभान ने बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दीपिका ने न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। आज के समय में बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इस अवसर पर देवेंद्र मैनेजर उप प्रधान, महेंद्र सिंह झाझरिया जिला प्रधान, परमेश्वर मैनेजर बावल प्रभारी, राहुल मेघवाल खजांची व हीरा सिंह वैद्य सहित समिति के अनेक सदस्य मौजूद थे।



### भाजपा जन कल्याण मंच की जिला स्तर पर हुई नियुक्तियां

रेवाड़ी। भाजपा जन कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिलक धारी और प्रदेश महामंत्री अशोक मेहरा की उपस्थिति में जिला स्तर पर नियुक्तियां की गईं। नई कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष संतोष कुमारी, उपाध्यक्ष परमानंद, मीडिया प्रभारी रितु शर्मा, महामंत्री मनोज गर्ग व कुलदीप फौगाट, सचिव गीता व सलाहकार के रूप में राज धनखड़ को जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर भाजपा जन कल्याण मंच के युवा मोर्चा के अध्यक्ष लोकेश वशिष्ठ सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत, कैबिनेट मंत्री आरती राव और विधायक डा. कृष्ण कुमार का आभार जताया।



### स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में कैंसर माइग्रेन व किडनी रोग की दी जानकारी

रेवाड़ी। लायंस क्लब एवं लायंस क्लब पॉजिटिव हेल्थ की ओर से स्वास्थ्य और संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें करीब 80 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डा. स्वरूपा मित्रा ने कैंसर जागरूकता, डा. सौरभ बंसल ने माइग्रेन प्रबंधन तथा डा. सलील जैन ने किडनी रोग की रोकथाम पर जानकारी दी। क्लब के सदस्यों ने डॉक्टरों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। क्लब के प्रधान लायन ऋषि सिंघल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डा. संजीव अरोड़ा ने किया, जबकि गुरुग्राम के निजी अस्पताल से संतोष कुमार शर्मा ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता, दीपक अग्रवाल, ओपी गुप्ता, अशोक सोमानी, वीडी शर्मा, आरके सैनी, संदीप गोयल, राजेश गुप्ता, डा. आदेश सक्सेना, आलोक सिंघल, जितेश गोयल, मोहित गोयल व उमेश गुलाटी सहित पॉजिटिव हेल्थ क्लब से मनोज वर्मा, अंकेश भार्गव एवं मुकुल मित्तल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



### संस्था ने रेलवे स्टेशन पर पक्षियों के लिए रखे पानी के सकोरे

रेवाड़ी। जनशक्ति जागृति मंच की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता का प्रेरणादायक कार्य किया गया। संस्था के सदस्यों ने भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पेड़ों की टहनियों पर पानी के सकारे लटकाए ताकि पक्षियों को राहत मिल सकें। इस अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती है, बल्कि जीव-जंतुओं एवं पक्षियों के प्रति मानव संवेदनाओं का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को पर्यावरण के अनुकूल कार्य करने तथा प्रकृति एवं जीवों की रक्षा के लिए जागरूक किया। इस मौके पर अशोक कुमार भैरवाल मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, सत्यवीर सिंह स्टेशन अधीक्षक, मंजू शर्मा जिला अध्यक्ष, कुलदीप सोनी प्रोग्राम ऑफिसर, दीपक कुमार जिला सचिव, प्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार यादव, रमन यादव व मीनू शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।